दिनांक : 16.06.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी, भोपाल

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :—

- महाकालेष्वर और ओंकारेष्वर के लियेमुख्यमंत्री ने पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा का किया षुभारंभ।
- जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम जारी। उज्जैन और इंदौर के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हुए षामिल।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री षिवराज सिंह चौहान ने कहा 18 जून को प्रधानमंत्री किसानों को प्रदान करेंगे सम्मान निधि।

और

- गंगा दषहरा के अवसर पर प्रदेष में आज पवित्र नदियों में स्नान और दान के कार्यक्रमों का आयोजन।

..................

मुख्यमंत्री—हेली सेवा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा केवल श्री महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर नहीं है बल्कि हमारे आस्था के केंद्र ज्योतिर्लिंगों के प्रति देश और दुनिया में स्थित श्रद्धालुओं की आस्था को जोड़ने का संकल्प हैं। मुख्यमंत्री आज उज्जैन में पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा के संचालन का शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर को हरी झंडी दिखाकर हवाई सेवा का शुभारंभ किया। पहले चरण में भोपाल उज्जैन ओंकारेश्वर एवं इंदौर उज्जैन ओंकारेश्वर रूट पर यह हवाई सेवा प्रारम्भ की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आईआरसीटीसी पर इस सेवा की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश में हवाई सेवा का विस्तार निरंतर जारी रहेगा। आने वाले दिनों में हेलीकॉप्टर की संख्या और बढ़ाई जाएगी। जिसमें 16 —16 यात्री हवाई सेवा का लाभ ले सकेंगे। प्रदेश के मैहर, दतिया, ओरछा, अन्य धार्मिक, पर्यटन और ऐतिहासिक महत्व के देव स्थलों भी हवाई यात्रा से जोड़ा जाएगा।

जल गंगा संवर्धन—उज्जैन/इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज उज्जैन और इंदौर में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उज्जैन में पुरातात्विक धरोहर मोदी का चोपड़ा में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि 6 लाख से अधिक लोगों द्वारा अभियान में जन भागीदारी की गई है। जल स्रोतों की संरक्षण के लिए 4000 करोड़ रुपए से अधिक के काम किए जा रहें हैं। मुख्यमंत्री ने इंदौर के भंवरासला में एक तालाब पर आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे तो यह अभियान आज गंगा दशमी पर संपन्न हो रहा है, परंतु यह अभियान जल की महत्ता को देखते हुए न थमेगा, ना ही रुकेगा अनवरत चलता रहेगा। कार्यक्रम को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने संबोधित किया। महापौर ने बताया कि अभियान के तहत इंदौर शहर में 131 से अधिक कुंए एवं बावड़ियों की साफ—सफाई का कार्य जनभागीदारी से किया जा रहा है। एक अन्य कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने इन्दौर जिले को 20 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने

कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत मध्यप्रदेश में साढ़े 5 करोड़ पौधों का रोपण किया जाएगा। इन्दौर द्वारा 51 लाख पौधों के रोपण की भागीदारी प्रशंसनीय है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि 1 दिन में 11 लाख पौधे लगाए जाएंगे और 7 से 14 जुलाई तक 51 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

अमित शाह – अमरनाथ यात्रा

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए नई दिल्ली में उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, सेना प्रमुख जरनल मनोज पांडे और पदेन सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी समेत सेना और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस महीने की 29 तारीख को शुरू होकर 19 अगस्त तक चलेगी। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने जम्मू–कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान श्री शाह ने हाल ही में केन्द्र शासित प्रदेश में हुए आंतकी हमलों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

केंद्रीयमंत्री–स्वागत

केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल प्रदेश के 6 मंत्रियों का आज भोपाल में होने वाले अभिनंदन समारोह को स्थगित किया गया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण जटिया की पत्नी कलावती जटिया के निधन के बाद कार्यक्रम को स्थगित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्री जटिया की धर्मपत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकाकुल परिजन को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

कृषि किसान कल्याण

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास पंचायत राज मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान हमारा भगवान है और किसान की सेवा भगवान की सेवा है। उन्होंने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 100 दिन की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। श्री सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनने पर सबसे पहले 18 जून को काशी से किसानों को सम्मान निधि की राशि प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी सिंगल क्लिक के माध्यम से इस राशि को हस्तांतरित करेंगे। केन्द्रीय कृषि मंत्री आज मुरैना रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इसके बाद ग्वालियर पहुंचे श्री चौहान ने कहा कि किसानों का उत्पादन बढ़ाना, लागत घटना, उत्पादन का ठीक दाम देना, किसानों को प्राकृतिक आपदा में राहत तथा प्राकृतिक खेती सहित कई चीजों पर उनका मंत्रालय काम कर रहा हैं। केंद्रीय मंत्री का दिल्ली से भोपाल की ट्रेन यात्रा के दौरान जगह जगह पर स्वागत किया गया।

ईद उल अजहा

ईद का पर्व देशभर में कल मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने ईद–उल–अज़हा पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं हैं। उन्होंने कहा है कि ईद–उल–अज़हा का त्योहार त्याग, बलिदान और आपसी विश्वास का संदेश देता है।

मुख्यमंत्री ने ईद–उल–अज़हा का त्यौहार परम्परानुसार आपसी सौहार्द्र, शांति और समरसता के साथ मनाने की अपील की है। इससे पहले मध्य प्रदेश में दाऊदी बोहरा समुदाय ने आज यह पर्व मनाया। इस अवसर पर राजधानी भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश की कई मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई।

<u>गंगा दशहरा–प्रदेष</u>

आज गंगा दशहरा का पर्व मनाया जा रहा है। इस ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में भगवान महाकाल का विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान महाकाल के शीश पर मां गंगा को धारण कराया गया, साथ ही मोगरे का हार अर्पित कर पगड़ी पहनाई गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गंगा दशहरा पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। बड़वानी में मां नर्मदा रोहणी तीर्थ राजघाट पर महायज्ञ, भजन संध्या, दीपदान का कार्यक्रम जारी है। साथ ही प्रदेश के कई स्थानों पर आज नदियों में स्नान और दान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

<u>पीएम– मन की बात</u>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 11वीं कडी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा चुने जाने के बाद यह पहला मन की बात कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता टोल फ्री नंबर 18 00–11–78 00 के माध्यम से अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। आप अपने विचार नरेंद्र मोदी ऐप या MyGov Open Forum के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को इस कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

<u>मौसम</u>

इस बार प्रदेश में तय समय से 4 से 5 दिन की देरी से मानसून दस्तक देगा। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी की ओर से आ रहा मानसून अभी कमजोर पड़ गया है। इस वजह से प्रदेश में इसके आने में समय लग सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि 19–20 जून तक बालाघाट, डिंडोरी से मानसून का प्रवेश हो सकता है। अगले 2–3 दिन में यह पूर्वी हिस्से में सक्रिय हो जाएगा। मौसम विभाग ने इंदौर, देवास, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा और बैतूल में आंधी–बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

<u>टी–20 क्रिकेट विश्व कप</u>

टी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज शाम फ्लोरिडा में पाकिस्तान और आयरलैंड आमने–सामने होंगे। दोनों टीमें पहले ही विश्व कप से बाहर हो चुकी हैं। इससे पहले आज सुबह सेंट लूसिया में खेले गये ग्रुप बी के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड के दिये 181 रन के लक्ष्य को दो गेंद शेष रहते 5 विकेट के नुकसान पर 186 रन बनाकर हासिल कर लिया। स्कॉटलैंड की इस हार से विश्व कप से बाहर हो गया है। जबकि इंग्लैंड ने बेहतर नेट रन रेट के आधार पर ग्रुप बी से सुपर– 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है।

समाचार संक्षेप में .....

- पश्चिम वन मंडल बैतूल के जंगलों में चालू सत्र में 99 प्रतिशत आगजनी की घटनाओं को रोका जा सका है, यह सफलता संयुक्त वन प्रबंधन कार्यक्रम की वजह से मिली है।
- देवास में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर व विशेष पुलिस समर कैंप का संयुक्त समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शिविर में बास्केटबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन, सॉफ्टटेनिस, तैराकी, क्रिकेट, हॉकी सहित विभिन्न खेलो का गहन प्रशिक्षण दिया गया।
- मुरैना में गर्मी तथा बिजली की शॉटसर्किट से लगने वाली आग पर काबू पाने के लिये दुकानों के संचालक व कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

..................................